2822(E)
29/04/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–08.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–1535(ई०) दिनांक–26.02.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–818(अनु०) दिनांक–06.03.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Lalganj (Repura)- Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2714.93 लाख। विभागीय पत्रांक–6207(S) दिनांक–14.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2660.31 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2297 दिनांक–23.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2544.75320 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 (Fifteen) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 05.08.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 05 (पाँच) अदद यथा :– |

(i) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd.

(ii) M/s Pratayaksha Construction Private Limited

(iii) Sona Infracon Private Limited

(iv) M/s Sanjay Construction

(v) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं विभागीय निविदा समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–163 / 2025<br>उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025<br>विभागीय ज्ञापांक–1535(ई०) दिनांक–26.02.2026 |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त है। दिनांक–26.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–1535(ई०) दिनांक–26.02.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है। |

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्राक–818(अनु०) दिनांक–06.03.2026):–**

विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–26.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Shristi Developers Pvt. Ltd.** | **₹25,44,75,320.00**<br><br>**(पच्चीस करोड़ चौवालीस लाख पचहत्तर हजार तीन सौ बीस रुपये)** | **परिमाण विपत्र की राशि से 20.99% (बीस दशमलव नौ नौ) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹20,10,60,950.33**<br><br>**(बीस करोड़ दस लाख साठ हजार नौ सौ पचास रुपये तैंतीस पैसे)** | **L-1** |
| 2. | Pratayaksha Construction Private Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 17.00% (सतरह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹21,12,14,515.60<br><br>(इक्कीस करोड़ बारह लाख चौदह हजार पाँच सौ पन्द्रह रुपये साठ पैसे) | L-2 |
| 3. | MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 16.50% (सोलह दशमलव पाँच शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹21,24,86,892.20<br><br>(इक्कीस करोड़ चौबीस लाख छियासी हजार आठ सौ बानवे रुपये बीस पैसे) | L-3 |

इस प्रकार वित्तीय बीड के अनुसार सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 20.99% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹20,10,60,950.00 (बीस करोड़ दस लाख साठ हजार नौ सौ पचास रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. के पक्ष में ₹20,10,60,950.00 (बीस करोड़ दस लाख साठ हजार नौ सौ पचास रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–818(अनु०) दिनांक–06.03.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26** कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Shristi Developers Pvt. Ltd.** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से **20.99%** (बीस दशमलव नौ नौ) प्रतिशत कम यानि् **₹20,10,60,950.00** (बीस करोड़ दस लाख साठ हजार नौ सौ पचास रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से **SBD** के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त **Performance Security** प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28/04/26 | 28/04/26 | 28/04/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–163/2025 2822(E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।